खास खबरें

रूस में कैफे में आग लगी, 13 लोगों की मौत, पांच अन्य के घायल होने की खबर

मॉस्को । रूस के कोस्त्रोमा शहर में शनिवार को एक कैफे में आग लग गई। हादसे में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल बताए जा रहे हैं। कोस्त्रोमा क्षेत्र के गवर्नर सर्गेई स्तिनिकोव ने बताया कि आग लगने की घटना में 13 लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य मामूली रूप से घायल हैं। कोस्त्रोमा मॉस्को से उत्तर की ओर करीब 340 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां की आबादी 2,70,000 है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि किसी के फ्लेयर गन का इस्तेमाल करने के बाद कैफे में आग लग गई। रूसी मीडिया के मुताबिक, आग लगने से कुछ ही देर पहले कैफे में एक विवाद हुआ था। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसका संबंध फ्लेयर गन का इस्तेमाल किए जाने से था। कथित तौर पर फ्लेयर गन का इस्तेमाल करने को लेकर दो संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। कैफे के निदेशक को भी हिरासत में लिया गया है। बचावकर्मियों ने 250 लोगों को कैफे से बाहर निकाला।

बच्चे के काटने से जहरीला सांप क्यों मर गया, लोग हैरान

जशपुर । जशपुर जिले के तपकरा सहित अन्य इलाकों में सर्पदंश के कई मामले सामने आ रहे हैं। यहां हमेशा सर्पदंश से हर साल एक दर्जन से अधिक आदिवासियों की मौत हो जाती हैं। लेकिन इस बार आदिवासी इलाके की गार्डन तहसील में आने वाले पंडारापथ गांव में अनोखा मामला सामने आया है। यहां घर में खेल रहे एक बच्चे को कोबरा सांप ने काट लिया तो दर्द से बिलबिलाते हुए मासूम को भी गुस्सा आ गया और उसने भी उसी सांप को पकड़कर 2-3 जगह से दांतों से काट लिया। हैरानी की बात यह है कि इलाज के बाद तो 10 साल का मासूम बच गया, लेकिन कोबरा सांप की मौत हो गई। खास बात यह है कि जिस बच्चे को सांप ने काटा था, वह छत्तीसगढ़ में विलुप्त होती जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय से आता है। इस जनजाति के लोग राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र भी माने जाते हैं। इस प्रजाति को बचाने के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती है। सर्पदंश काटने के बाद मौत की आगोश से वापस आने वाले 10 साल के दीपक ने बताया, वह अपनी बहन के साथ आंगन में खेल रहा था। तभी अचानक पीछे से सांप आ गया और उसके पीठ पर चढ़ गया। सांप ने काटा तो उसे गुस्सा आ गया और तत्काल उसने भागते हुए सांप को पकड़ा और फिर उसे अपने दांतों से जगह-जगह काट दिया।

अचानक बैंक खाते में आ गए 6 करोड़, युवक ने सारे रुपए कर डाले खर्च

नई दिल्ली । एक शख्स के बैंक अकाउंट में अचानक से 6 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आ गई। इतनी बड़ी रकम पाकर वो खुशी से झूम उठा और ताबड़तोड़ पैसे खर्च करने लगा। ये पैसे एक कपल ने गलती से उसके अकाउंट में भेज दिए थे। लेकिन शख्स ने इस बात की सूचना बैंक वालों को नहीं दी। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हाल ही में कोर्ट ने शख्स को फ्रॉड केस में दोषी ठहराया है। अब दिसंबर में उसे सजा सुनाई जाएगी। दरअसल, एक कपल ने नया घर खरीदा था और वे इसी का पेमेंट कर रहे थे। लेकिन बैंक डिटेल गलत डालने की वजह से पैसे किसी और के खाते में ट्रांसफर हो गए। जिसके अकाउंट में ये पैसे पहुंचे उसने ये बात छुपा ली। वो लग्जरी लाइफ स्टाइल जीने लगा और यहां-वहां पैसे खर्च करने लगा। बाद में जब खुलासा हुआ तब वो जेल पहुंच गया।

हिमाचल प्रदेश के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र

महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण, यूसीसी होगा लागू

नई दिल्ली।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। संकल्प पत्र में बीजेपी ने कई बड़े वादे किए हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिमला में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।

इस मौके पर सीएम जयराम ठाकुर, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सुरेश कश्यप और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत अन्य नेता मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि कॉमन सिविल कोड को लागू करने के लिए कमेटी बनाई जाएगी। बीजेपी सरकार एक सर्वे करेगी और वक्फ की जो संपत्ति है, उसके कानून के मुताबिक एक न्यायिक आयोग के तहत जांच की जाएगी और उसका जो गैर-कानूनी तरीके से इस्तेमाल हो रहा है उसपर रोक लगाई जाएगी। जेपी नड्डा ने कहा कि इस संकल्प पत्र में 11 वचन हैं। ये वादे समाज में समानता लाएंगे। ये वादे हमारे नौजवानों और किसानों को ताकत देंगे, बागवानी को मजबूती देंगे, सरकारी कर्मचारियों को न्याय दिलाएंगे और धार्मिक पर्यटन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं सरकारी नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। इसके अलावा 6-12 क्लास तक की छात्राओं को साइकिल मिलेगी और ग्रेजुएशन कर रहीं छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी ।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हम 8 लाख से अधिक रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। हम सुनिश्चित करेंगे की अगले 5 साल में क्क्लस्ड्ड के तहत सभी गांव पक्के सड़कों के साथ जुड़ जाएं। अगले 10 सालों में धार्मिक स्थानों के आसपास आधारभूत संरचना और परिवहन को विकसित करने के लिए शक्ति योजना लागू होगी। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे किसान भाई सेब के पैकेजिंग में जो सामग्री इस्तेमाल करते हैं उसके लिए त्रस्ज्ञ 12त्न होगी और अतिरिक्त त्रस्ज्ञ राज्य सरकार वहन करेगी। हम राज्य में 5 नए मेडिकल कॉलेज खोलेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से मोबाइल क्लीनिक वेन्स को हर विधानसभा में दोगुना किया जाएगा। जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। युवाओं के लिए बीजेपी सरकार हिम स्टार्टअप योजना चलाएगी। स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए 900 करोड़ का कॉर्पस फंड खड़ा किया जाएगा।

उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण पर अमेरिका से भिड़े चीन और रूस

भारत ने कूटनीतिक समाधान की दी सलाह

प्योंगयांग ।

उत्तर कोरिया ने शनिवार सुबह फिर से परीक्षण के नाम पर चार बैलिस्टिक मिसाइल दक्षिण कोरिया की तरफ समुद्र में दागीं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि मिसाइलें उत्तर-पश्चिमी सागर की तरफ करीब 130 किलोमीटर की दूर जाकर गिरीं।

कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़े तनाव के मसले पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। बैठक में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने रूस और चीन पर उत्तर कोरिया को मिसाइलें मुहैया कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर कोरिया ने इस साल 59 प्रतिबंधित बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, जो उसकी सैन्य क्षमता से बहुत ज्यादा है। इस पर चीन के राजदूत झांग जून ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के व्यापक सैन्य अभ्यास के चलते ही उत्तर कोरिया मिसाइल परीक्षण कर रहा है। रूस की उप राजदूत अन्ना एवेस्टिग्नीवा ने कोरिया प्रायद्वीप में बिगड़ती स्थिति के लिए अमेरिका को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका दबाव और ताकत का इस्तेमाल कर कोरियाई प्रायद्वीप को एकतरफा निरस्त्रीकरण के लिए मजबूर करना चाहता है, जिससे वहां स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को अमेरिका-दक्षिण कोरिया का युद्धाभ्यास एक तरह से उत्तर कोरिया पर हमले का पूर्वाभ्यास लग रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और सुरक्षा की दिशा में परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए भारत अपना समर्थन दोहराता है।

इमरान पर निशाना साधते-साधते भारत पर भी बोल गए शहबाज, नाकामी छुपाने के लिए दिया बयान

इस्लामाबाद।

पाकिस्तान की सियासत में एक बार फिर भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले के मामले में विवाद बढ़ता जा रहा है। इमरान खान ने हमले को लेकर देश की मौजूदा शहबाज सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। अब शहबाज शरीफ ने इमरान खान पर पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि इमरान खान झूठ बोल रहे हैं और हमारी सरकार गिराना चाहते हैं। इतना ही नहीं शहबाज सरकार ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए भारत के खिलाफ जहर उगला है। शहबाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान के बयान भारत खुश है। उन्हें ऐसा बयान देने से पहले कई बार सोचना चाहिए थे। उन्होंने इमरान पर झूठ बोलने और उनकी सरकार गिराने की साजिश का भी आरोप लगाया। शहबाज ने इमरान से उनके आरोपों का सबूत भी मांगा। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री ने कहा कि इमरान पूरी कौम को तबाह करना चाहते हैं। गुरुवार को पाकिस्तान के वजीराबाद में विरोध प्रदर्शन के दौरान इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले के बाद देश में सियासत गरमा गई है। इमरान खान ने शुक्रवार को पाकिस्तान के लोगों को संबोधित किया। लाहौर के शौकत खानम अस्पताल में भर्ती होने के दौरान पाकिस्तान के लोगों को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि मुझे पहले ही पता चल गया था कि वजीराबाद और गुजरात के बीच कहीं मुझे मारने की योजना थी।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व क्रिकेट स्टार ने पूर्वी पंजाब प्रांत में अपनी रैली में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और एक वरिष्ठ खुफिया एजेंसी के जनरल पर हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया है। रैली में इमरान खान को गोलियां लगीं और उन्हें तत्काल लाहौर के एक अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनके दोनों पैरों में गोली लगी है। अस्पताल ने बताया कि बेहोशी की हालत में लाए जाने पर उनके दोनों पैरों में 16 घाव थे।

अमेरिका के मैनहैटन की ऊंची इमारत में लगी भीषण आग, 38 लोग झुलसे, दो की हालत गंभीर

न्यूयॉर्क । अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर स्थित मैनहैटन की एक ऊंची इमारत में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में 38 लोग झुलस गए हैं जिनमें दो गंभीर रूप से घायल हो गए। रेस्क्यू के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद थे। सोशल मीडिया पर घटना के साझा किए गए वीडियो में दिख रहा है कि लोग अपार्टमेंट की खिड़कियों पर लटके हैं और दमकलकर्मी रस्सियों के सहारे धुएं से भरी इमारत से नीचे उतार रहे हैं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि इमारत की ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले कुछ लोग छत के रास्ते बाहर आए। न्यूयॉर्क की दमकल विभाग की आयुक्त लॉरा कवनाग ने बताया कि 20वीं मंजिल पर अज्ञात उपकरण में प्रयुक्त लिथियम बैटरी से आग लगी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में 38 लोग घायल हुए हैं।

पाकिस्तान में उग्र प्रदर्शन, पत्थरबाजों पर पुलिस बरसा रही डंडे, सेना बोली- इमरान पर कार्रवाई हो

इस्लामाबाद ।

पाकिस्तान में प्रदर्शन उग्र होने के साथ गृह युद्ध की आशंका बढ़ती जा रही है। शनिवार को लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, फैजाबाद, फैसलाबाद, सहित दर्जनों शहरों में प्रदर्शन हुए।

इमरान समर्थकों ने जहां जमकर तोड़फोड़, आगजनी और पत्थरबाजी की, वहीं पुलिस ने बेहिसाब डंडे और आंसू गैस के गोले बरसाए। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और खुफिया एजेंसी के प्रमुख पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाने वाले इमरान को सेना और सरकार ने झूठा करार दिया। इमरान के समर्थक देशभर में पीएम शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राना सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैजल के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। शनिवार को प्रदर्शनों में करीब 30 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद पुलिस ने पीटीआई के कई वरिष्ठ नेताओं सहित 23 लोगों के खिलाफ आतंकवाद सहित कई आरापों में केस दर्ज किया है। सेना ने इमरान के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सरकार से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। वहीं, पीएम शहबाज शरीफ ने मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल से कहा, इमरान के आरोपों की न्यायिक आयोग से जांच कराई जाए। मेरे खिलाफ सबूत मिले तो हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगा।

पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी ने लाहौर में प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि पार्टी ने इमरान खान पर हुए हमले के मामले में पीएम, गृह मंत्री और सेना के अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने की शिकायत दी थी, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जाहिर है अधिकारियों के हाथ बांध दिए गए हैं। छोटा बच्चा भी यह समझ सकता है कि शिकायत पर अगर कार्रवाई नहीं हो रही है, तो दबाव कितना भारी होगा।

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन के हिस्सा पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता आसिफ अली जरदारी ने कहा, सत्ता के भूखे इमरान खान देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के खिलाफ जहर उगलकर अराजकता फैलाना चाहते हैं। इस तरह की देश विरोधी हरकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीटीआई के नेता फवाद चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार इमरान और पीटीआई के खिलाफ जिस तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर इन्हें खत्म करने की साजिशें रच रही है, उनसे देश के तमाम संस्थानों से लोगों का भरोसा खत्म हो रहा है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हिली धरती, रिक्टर स्केल पर 4.5 रही तीव्रता



देहरादून ।

उत्तराखंड के उत्तराशी और टिहरी में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, उत्तराखंड के भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी से 17 किमी दूर 5 किलोमीटर गहराई में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई।

देवभूमि उत्तराखंड के उत्तरकाशी और टिहरी जिलों में आज सुबह 8 बजकर 33 मिनट 3 सेकंट बजे भूकंप आया था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई। इस भूकंप का असर भारत और चीन दोनों देशों में में हुआ है। इसका केंद्र उत्तरकाशी से 17 किमी दूर 5 किलोमीटर गहराई में था। इससे पहले एक नवंबर को मध्यप्रदेश के जबलपुर समेत आस पास के कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 4.3 थी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, एमपी में ये भूकंप भी सुबह करीब 8 बजकर 43 मिनट पर महसूस किए थे। इनका केंद्र पचमढ़ी से 216 किमी दूर 10 किमी गहराई में था। मध्य प्रदेश से पहले बीते 25 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

कुछ ही मिनटों में करोड़पति बन गया भारतीय, 56 करोड़ की जीत की खुशी से रातभर नहीं आई नींद

नई दिल्ली।

कब किसकी किस्मत पलट जाए ये कोई नहीं जानता। ऊपर वाला जब देता है तो छप्पड़ फाड़ के देता है। ऐसा ही कुछ दुबई से आए 20 भारतीय प्रवासियों के एक ग्रुप के साथ हुआ। इनकी किस्मत गुरुवार को अबू धाबी में अचानक ऐसी खुली कि खुद इन्हें भी काफी देर तक भरोसा नहीं हो रहा था।

दरअसल, यहां आयोजित बिग टिकट रैफल ड्रॉ में इस ग्रुप ने 2.5 करोड़ दिरहम यानी लगभग 56 करोड़ भारतीय रुपये जीते हैं। जिस ग्रुप ने ये इनाम जीता है, उसके सभी सदस्य मूल रूप से केरल के निवासी हैं। ये 10 साल से भी अधिक समय से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे हैं और वहां रेस्टोरेंट बिजनेस से जुड़े हैं। पिछले 4 साल से ये लोग लॉटरी का टिकट खरीदते आ रहे हैं। पिछले दिनों भी इन्होंने इसी तरह टिकट खरीदा था। अचानक इनका नंबर लग गया और इन्होंने करोड़ों रुपये जीत लिए, लेकिन इसकी जानकारी इनको नहीं थी। जब लॉटरी की खबर के लिए एक रिपोर्टर ने ग्रुप के सदस्य सजेश को फोन किया तो उन्हें लगा कि कोई उनके साथ मजाक कर रहा है, लेकिन जब इस तरह कई बार कॉल आया तो उन्होंने फौरन अपना लॉटरी टिकट नंबर चेक किया। इस दौरान यह साफ हो गया कि उन्होंने लॉटरी जीत ली है।

इसी ग्रुप के सदस्य प्रवीन एंटोनी ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि वे लोग जैकपॉट जीत चुके हैं तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टिकट लेने के बाद हम लगातार जीतने की उम्मीद में इसका लाइव टेलिकास्ट देखते थे, लेकिन काफी समय तक भी जब हम नहीं जीते तो देखना बंद कर दिया। जिस दिन हमने यह टेलिकास्ट नहीं देखा, उसी दिन जीत गए।

आपका राशिफल 07 नवम्बर

मेष — भू धे भी ता ती तू ते लो लो आ
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक 3 5 7

वृष — वू वे वो
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। नाना प्रयास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। पैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान की कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होंगी। शुभांक-2-5-7

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक 5 6 7

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन भर रहेगा। यश प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सफल हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

तुला — रा री रू रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक 6 7 8

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़ भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक 5 6 8

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रखकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

मकर — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

कुंभ — गू गे गो गा सी सू से सो दा
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कागकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक 3 7 9

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। "आगे आगे गीरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9

इमरान खान के टीवी पर भाषण देने को लेकर लगा प्रतिबंध हटा शहबाज सरकार ने पलटा फैसला

इस्लामाबाद ।

पाकिस्तान टेलीविजन पर इमरान खान के लाइव भाषण, प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि पर पूरी तरह से बैन लगाने के फैसले को वापस ले लिया गया है। पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी एंड अथॉरिटी (पीईएमआरए) को बैन हटाने का निर्देश दिया। शुक्रवार को पीईएमआरए ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की प्रेस कॉन्फ्रेंस के प्रसारण को न्यूज चैनलों पर रोक लगाने का नोटिस जारी किया था।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) के तहत कानूनी आवश्यकताओं के निरंतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए यह आदेश दिया। मंत्री ने कहा कि हम लोकतांत्रिक सिद्धांतों और अभिव्यक्ति की संवैधानिक स्वतंत्रता में विश्वास करते हैं। राजनीतिक विरोधियों, नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया पर प्रतिबंध लगाना इमरान खान की नकारात्मक सोच और रवैया रहा है। शुक्रवार को इमरान खान पर हमला किया गया। उनके पैर में गोली मारी गई थी। जिसके बाद उन्हें शौकत खानम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्पेशल खबर — *अमेरिका का सबसे डरावना घर*

दो सौ प्रेत आत्माओं ने एक ही परिवार के 5 लोगों की जिंदगी बना दी थी नरक

नई दिल्ली।

आपने फिल्मों में भूत-प्रेत कई बार देखे होंगे। जिस तरह के भूत फिल्मों में दिखाई दिखाए जाते हैं, असल जिंदगी में भी वे वैसे होते हैं या नहीं, ये तो बहस का विषय है। कुछ लोगों के अनुसार भूत-प्रेत होते हैं, जबकि कुछ लोग ऐसी कोई चीज न होने की बात कहते हैं। वह इसे वहम बताते हैं।

पर दुनिया में अलग-अलग देशों में कई मामले ऐसे आ चुके हैं, जो कहीं न कहीं भूत प्रेत की मौजूदगी को सच साबित करते हैं। ऐसा ही एक मामला अमेरिका का है। यहां एक महिला के साथ भूत-प्रेत ने जो किया, वह देखकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नवंबर 2011 का समय था। अमेरिका में लटोया एमन्स नाम की महिला अपने तीन बच्चों

और मां रोजा कैंपबेल के साथ इंडियाना राज्य के गैरी में कैरोलिना स्ट्रीट स्थित किराए के एक घर में रहने के लिए आई। वैसे तो लटोया को यह घर पसंद नहीं था, लेकिन खराब आर्थिक स्थिति की वजह से वह मजबूरी में रहने लगीं। पर इस परिवार के आते ही घर में भूत-प्रेत की घटनाएं सामने आने लगीं। इससे लटोया का पूरा परिवार परेशान हो गया। दिसंबर 2011 में लटोया के परिवार के साथ इस घर में पहली असाधारण घटना घटी। तब उनके घर में एक साथ लाखों काली मक्खी ने हमला कर दिया। हैरानी की बात ये थी कि दिसंबर की कड़कड़ाती ठंड में इन मक्खियों का मिलना असंभव होता है। इंडिपेंडेंट की एक खबर के मुताबिक, लटोया ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें कई बार अपने घर के बेसमेंट की सीढ़ियों के पास किसी के कदमों की आवाज सुनाई देती थी। इन आवाजों से तंग आकर उन्होंने बेसमेंट तक जाने वाले रास्ते को ही बंद कर दिया था। लेकिन फिर भी उन कदमों की आवाज का आना बंद नहीं हुआ। 10 मार्च 2012 को एक बार लटोया की मां को किसी अंजान शख्स का धुंधला साया नजर आया। जब उन्होंने इस साये का पीछा करने की कोशिश की तो वहां उन्हें जूतों के निशान के अलावा कुछ भी नहीं मिला। किसी अनजान के जूतों के निशान देखने के बाद लटोया के परिवार को भरोसा हो गया कि इस घर में कोई शैतान आत्मा का निवास है।